माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

क्रमांक : परीक्षा प्रथम/ सैल–8/2020/ 516 दिनांक 30.05.2020

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक

जिला समस्त जिला शिक्षा अधिकारी

विषय :– वर्ष 2020 की माध्यमिक/प्रवेशिका एवं उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय की शेष रही परीक्षा के आयोजन के संबध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में वर्ष 2020 की माध्यमिक/प्रवेशिका एवं उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय की शेष रही परीक्षाऐं सामाजिक दूरी (**Social Distancing**) को ध्यान में रखते हुए केन्द्रों पर सुव्यवस्थित सम्पन्न की जानी है।

अतः निर्धारित केन्द्रों पर बैठक क्षमता के अनुरूप व्यवस्था अपर्याप्त होने पर निजी शालाओं/उच्च प्राथमिक शालाओं/सामुदायिक भवनों/निकटतम महाविद्यालय आदि का उपयोग करते हुए केन्द्र निर्धारण की सूचना का प्रस्ताव तैयार कर जिलेवार निम्न तिथियों के अनुसार बोर्ड कार्यालय में लेकर उपस्थित होना अनिवार्यतः सुनिश्चित करें।

उक्त व्यवस्था में नये प्रस्तावों पर फर्नीचर व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। अन्य शालाओं से फर्नीचर व्यवस्था करने पर लाने–ले जाने का वाहन व्यय बोर्ड द्वारा देय होगा एवं केन्द्रों पर कनात आदि का भुगतान बोर्ड की पूर्व स्वीकृति पर नियमानुसार कार्यालय द्वारा किया जायेगा।

वैकल्पिक व्यवस्था के लिए निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करायें।

क्र.सं.	जिले का नाम	दिनांक
1.	बूंदी, झालावाड, बांरा, कोटा, उदयपुर, बांसवाडा, चित्तौडगढ, डुंगरपुर, प्रतापगढ, राजसमन्द, जयपुर, धौलपुर, दौसा, जोधपुर, बाडमेर, जैसलमेर	02.06.2020 मंगलवार समय 10:30 प्रातः
2.	सवाई माधोपुर, करौली, चुरू, झुन्झुनु, हनुमानगढ, श्रीगंगानगर, बीकानेर, अलवर, भरतपुर, सीकर, अजमेर, नागौर, टोंक, भीलवाडा, पाली, सिरोही, जालौर	03.06.2020 बुधवार समय 10:30 प्रातः

आप अपने साथ अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अथवा शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी अथवा एक सहायक (कोई एक) को बैठक में अपने सहयोग हेतु ला सकते है। जिन्हें जिले के केन्द्रों, विद्यालयों, भौगोलिक स्थिति आदि की पूर्णजानकारी हो। आपको कार्यालय में बैठक में भाग लेने हेतु यात्रा भत्ते का भुगतान बोर्ड द्वारा किया जायेगा। कृपया सभी आवश्यक सूचनाओ के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें।

भवदीय,

sd-

सचिव

संलग्न :– राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश की प्रति

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा निदेशालय, बीकानेर (राज.)
2. समस्त संयुक्त निदेशक, शिक्षा, राजस्थान

30/5/2020

सचिव

कृपया पत्र व्यवहार सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अंजमेर –305 001 के नाम सम्बोधित कीजिए।
कन्ट्रोल रूम दूरभाष नं. 0145 – 2632866, 2632867, 2632868
*** E-mail :Secy-boser-rj@nic..in * Web Site –www.rajeduboard.nic.in* Fax : 0145-2632869 ***

Scanned with CamScanner

राजस्थान सरकार
मुख्यमंत्री जनसम्पर्क प्रकोष्ठ

10वीं और 12वीं की शेष बोर्ड परीक्षाएं कराई जाएंगी : मुख्यमंत्री

जयपुर, 29 मई। राज्य सरकार ने कोविड–19 महामारी के कारण स्थगित की गई 10वीं और 12वीं कक्षाओं के विभिन्न विषयों की बोर्ड परीक्षाएं कराने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

श्री गहलोत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया। इस निर्णय के बाद अब 10वीं और 12वीं कक्षाओं के विभिन्न विषयों की शेष रही परीक्षाओं की तिथियों को कार्यक्रम राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा जारी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियो को इन परीक्षाओं के दौरान कोरोना महामारी के संदर्भ में जारी हैल्थ प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों और अध्यापकों द्वारा मास्क तथा सैनिटाइजर के उपयोग की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, विद्यार्थियों के परीक्षा केन्द्र पर आवागमन और परीक्षा के दौरान सोशल डिस्टेंसिग के नियम की सख्ती से पालना हो।

श्री गहलोत ने आवश्यकता के अनुसार परीक्षा केन्द्रों की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया और कहा कि जिन स्कूल भवनों में क्वारंटाइन सुविधाएं संचालित की जा रही है, उन भवनों को परीक्षा से पहले तय प्रोटोकॉल के अनुसार सैनिटाइज किया जाए तथा वहां स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों की सम्पूर्ण व्यवस्था की जाए।

बैठक में शिक्षा राज्य मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त श्री निरंजन आर्य, शासन सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती मंजू राजपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner